राधेश्याम सीताराम होवे मेरे घर में

राधेश्याम सीताराम होवे मेरे घर में,
ऐसी वैसी बात ना आवे मेरे मन में॥

एक दिना प्रभु आवे मेरे मन में,
गणपति जी का मंदिर होवे मेरे घर में,
गणपत जी का मंदिर होवे, रिद्धि सिद्धि संग में होवे,
जय गणेश जय गणेश सत्संग होवे घर में,
राधेश्याम सीताराम.....

एक दिना प्रभु आवे मेरे मन में,
ब्रह्मा जी का मंदिर होवे मेरे घर में,
ब्रह्मा जी का मंदिर होवे, सरस्वती मैया संग में होवे,
वेदों का उच्चारण होवे मेरे घर में,
राधेश्याम सीताराम....

एक दिना प्रभु आवे मेरे मन में,
विष्णु जी का मंदिर होवे मेरे घर में,
विष्णु जी का मंदिर होवे, लक्ष्मी मैया संग में होवे,
नारायण नारायण सत्संग होवे घर में,
राधेश्याम सीताराम....

एक दिना प्रभु आवे मेरे मन में,
भोले जी का मंदिर होवे मेरे घर में,
भोले जी का मंदिर होवे, गोरा मैया संग में होवे,
नमः शिवाय नमः शिवाय सत्संग होवे घर में,
राधेश्याम सीताराम....

एक दिना प्रभु आवे मेरे मन में,
रामा जी का मंदिर होवे मेरे घर में,
रामा जी का मंदिर होवे, सीता माता सब में होवे,
सीताराम सीताराम सत्संग हो गए घर में,
राधेश्याम सीताराम....

एक दिना प्रभु आवे मेरे मन में,
कान्हा जी का मंदिर होवे मेरे घर में,
कान्हा जी का मंदिर होवे, राधा रुक्मण संग में होवे,
राधे कृष्णा राधे कृष्णा सत्संग होवे घर में,
राधेश्याम सीताराम....

एक दिना प्रभु आवे मेरे मन में,
दुर्गा जी का मंदिर होवे मेरे घर में,
दुर्गा जी का मंदिर होवे, लांगुर भैरव संग में होवे,

जय माता की जय माता की सत्संग होवे घर में,
राधेश्याम सीताराम होवे मेरे घर में......

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/25985/title/radhe-shyam-sita-ram-hove-mere-ghar-me

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |